# श्री अग्रवाल सभा ट्रस्ट
## कांटाबांजी



## सचिव प्रतिवेदन : 2014-15

हरिभवन, अग्रसेन मार्ग, रोड़ नं.3, कांटाबांजी
फो.06657-220479
https://m.facebook.com/shriagrawalsabhakbj
E-mail : astkbj@gmail.com

श्री अग्रसेनजी महाराज को कोटिश: नमन सह मंचासीन सभी महानुभाव एवं सभागार में उपस्थित सभी भाईयों का मैं हार्दिक स्वागत करते हुए परम अभिनंदन करता हुँ।

सचिव प्रतिवेदन के रुप में मैं उन कार्यो का लेखाजोखा आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हुँ जिन कार्यो को हमारी संपुर्ण कार्यकारिणी हमारे अध्यक्ष श्री अनिल कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में बिते वर्ष भर के दौरान बड़े ही गंभीर रुप से चिंतन मनन करते हुए सामूहिक सहमति से समर्पित भाव रखते हुए आप सभी के सहयोग, मार्गदर्शन एवं आशिर्वाद से संपन्न कर पाये है।

★ श्री अग्रवाल सभा ट्रस्ट, कांटाबांजी की अग्रणी अग्रसंस्था है, और ये आप सब के प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का ही फल है की वर्तमान कार्यकारिणी को अपने समाज के लिए कुछ सार्थक कार्य करने का सुअवसर मिला, और अपने चुनाव के दिन (१८.०७.२०१४) से लेकर आज तक हमने प्रयास किया है कि, कैसे हम आप सभी के विश्वास की कसौटी पर खरे उतर पाए।

### १. सलाहकार समिति और सहयोगी समिति का गठन :-

चुनाव के पश्च्यात दिनांक ०३.०८.२०१४ को पहली कार्यकारिणी वैठक हुई, जिसमे हमने संकल्प लिया की समाज ने अगर हमें अपनी सेवा का अवसर दिया है तो हम इस अवसर का पूरी तरह लाभ उठाते हुए अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए समाज की अपेक्षाओ से कंही बेहतर कार्य कर के दिखायेंगे, समाज के हर आयु वर्ग के उत्साह और अनुभव का लाभ मिले इस लिए २१ सदस्यों की कार्यकारिणी समिति के साथ साथ ४१ बरिष्ठ सदस्यों की "सलाहकार समिति" और ३६ सदस्यों की एक "सहायक सदस्य श्रृखला" भी तैयार की गई।

### २. श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पालन :-

हमारे अग्र शिरोमणि महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती को अत्यंन्त (४३ वां वर्ष) गरिमामयी और पारंपरिक रुप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पालित किया गया, जयंती के उपलक्ष्य में दिनाक १९ से २५ सितम्बर, २०१४ तक बिभिन्न प्रतियोगितायें और रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, इस महोत्सव के सफलता के लिए अग्रवाल सभा के अलावा अन्य संस्थाओ की भी सक्रीय सहभागिता रही जिसके लिए मैं उनका एवं समस्त दानदाताओं का आभार प्रकट करता हुं।

इस वर्ष भी (४४ वा वर्ष) ७.१०.१५ से १३.१०.१५, सात दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पालन की तैयारियाँ चल रही है।

### ३. जनगणना व स्मारिका प्रकाशन :-

कांटाबांजी के अपने अग्रवाल समाज (१८ गौत्र) के समस्त परिवार की पूर्ण जानकारी जैसे पुरुष, स्त्री, युवक-युवती की संख्या, उम्र की गणना, शिक्षा, गोत्र, व देश की जानकारी इत्यादी सभी व्योरा संग्रह कर एक बहु उपयोगी "स्मारिका" प्रकाशन की और हम गतिशील हैं, श्रीघ्र ही उक्त जानकारियों के साथ-साथ अग्र समाज का इतिहास, समाज के उत्थान मे आहुति देने वाले समाज वरिष्ठजनों की जीवनी, समाज द्वारा निर्मित संस्थाओं की संपूर्ण विवरणी व अन्य विविध जानकारियों से परिपूर्ण और रोचक "स्मारिका" का प्रकाशन अपने अंतिम पडाव पर है।

### ४. हरिभवन के विकास कार्य :-

यह हमारा सौभाग्य रहा है की हमारे पुर्वजों की दूरदृष्टि के कारण आज अग्रवाल सभा के पास स्वयं की बहुत सी परिसम्पत्तिया है, हरिभवन इनमे से एक है इस वर्ष हरिभवन में निम्नलिखित कार्य किये गए।

★ हरिभवन की गली की रिपेयरिंग कर के नालियो के ऊपर ढक्कन लगाया गया।

★ हरिभवन के सामने प्लेटफार्म की मरम्मत की गई।

★ २ रसोई घरों का निर्माण कर द्वय में टाइल्स लगाया गया और रसोई घर को उचित प्रकाश एवं धुआँ निकासी सह उपयोगी बनाया गया।

★ किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए हरि भवन, अग्रसेन भवन और श्री राधाकृष्ण मंदिर मे अग्नीरोधक यन्त्र लगाया गया।

★ वाटर ओभर हेडटेंक (पानी टंकी) का नव निर्माण किया गया।

★ छत की मरम्मत सह कई जगह छोटी मोटी टूट फुट की मरम्मत और बिजली रिपेयरिंग की गई।

★ समस्त कूलरो की मरम्मत करायी गई।

★ आवश्यक समानों की खरिदी की गई।

★ नया विद्युत् ष्टेवलाईजर लगाया गया।

★ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर फ्रीजर और वाटर प्युरिफायर लगाया गया।

★ सभा को आधुनिक तकनीक से जोडने हेतु एक कंप्यूटर और प्रिंटर लाया गया।

★ विजली बिल :- वर्षो से लंबित पड़े हरिभवन के बिजली बिल विवाद को हल करने के लिए सार्थक पहल की गई और अब इस विवाद का पूरा निपटारा होने के अंतिम चरण में है।

★ इसके अलावा हरिभवन में निरंतर और भी कई विकास कार्य जारी है, जो आप सब के निरंतर सहयोग से जल्द ही पूर्ण हागें।

## ५. जनरेटर :-

विद्युत की अघोषित कटौती में भवन का उपयोग करने वालो को असुविधा न हो इसके लिए ८२ किलो वाट का साइलेंट  जनरेटर लगवाया गया, जिसका कनेक्शन हरि भवन सहित अग्रसेन भवन और राधाकृष्ण मंदिर में दिया गया। (श्री कुंजलाल बिनोद कुमार जी ने रियायत दर पर उपलब्ध कराकर सहयोग किया।)

## ६. अग्रसेन भवन :-

अत्याधुनिकता की दौड़ में पिछड जाने के कारण अग्रसेन भवन निरंतर कम उपयोग हो पा रहा था और जर्जरता की और अग्रसर था, इसलिए भवन को उसकी मुख्यधारा में शामिल करने के लिए भवन को यात्री निवास का रुप दिया गया और उसका पुर्णत: नविनिकरण कराया गया, अग्रसेन भवन में १६ बेड और गद्दे लगाये गए, नया फर्नीचर बनवाया गया, इनवेटर लगाया गया, एल.ई.डी टीवी, आवश्यक टाईल्स व परदे लगाईं गये। भवन को पुनर्जीवित करने के प्रस्चात इसके अच्छे परिणाम नजर आने लगे है।

## ७. राधाकृष्ण मंदिर :-

★ राधाकृष्ण मंदिर के संम्पुर्ण विद्युत् व्यवस्था का रिपेयरिंग करवाया गया।

★ राधाकृष्ण मंदिर स्थित वृन्दावन हाल में वास बेशीन लगाया गया।

★ एक महिला शौचालय का निर्माण करवाया गया।

★ वाटर फ्रीजर को ठीक कराया गया।

★ मंदिर में भगवान शिवजी के जल अभिषेक का जल श्रद्धालुओ के पाँव में आता था। इसके लिए मंदिर के बाहर एक टंकी बनाकर जल के समुचित निकास की व्यवस्था की गई।

★ अन्य विकास कार्य आवश्यकता अनुसार किये जा रहे है।

## ८. मुक्तिधाम :-

★ मुक्तिधाम के सुविधा एवं सुन्दरता को सभा ने गंभीरता से लेते हुए, यहां UMBRELLA DESIGN के ६ बैठने के शेड का निर्माण कराया गया।

★ मुक्तिधाम मे लगातार सफाई कार्यक्रम जारी है।

★ मुक्तिधाम के अन्दर के बोरवेल की मरम्मत करवाई गयी।

★ मुक्तिधाम के मैन गेट को रिपेयरिंग करवा के लकिंग सिस्टम चालु किया गया।

★ मुक्तिधाम के सौन्दर्यिकरण के लिए समय समय पर वृक्षारोपण किया गया।

★ वर्त्तमान ४०x२० फुट का एक कंक्रीट शेड़ निर्माणाधीन है तथा वर्त्तमान स्थित शेड को भी ३ दिशाओं में १३ - १३ फुट विस्तार की योजना पर भी कार्य प्रगति पर है। आनवाले समय मे और भी कई निर्माण कार्य मुक्तिधाम मे करने की योजना बनाई गई है।

## ९. राष्ट्रीय हिंदी विद्यालय :-

राष्ट्रीय हिंदी विद्यालय अग्रवाल सभा का अभिन्न अंग रहा है । मगर कुछ समय से कुछ भ्रान्तियों के कारण यहाँ कई वर्षो से कोई विकाश कार्य नहीं हो पाया है। हम प्रशासन एवं संबधित अधिकारीयों के साथ आवश्यक सार्थक पत्राचार/कार्यवाही जारी है। जिसका बहुत जल्द ही एक सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

## १०. निरंतर पर्व और समारोह और समाज सेवा :-

कांटाबांजी के हर समाज से जुड़ने हेतु निरंतर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में मुस्लीम समाज का त्योहार इद मिलानुद्दिन नवि (१.२.१५), रथयात्रा, श्री परशुराम जयन्ती, श्री महावीर जयंती इत्यादी अवसरों पर शरबत वितरण, नुआखाई भेंठघाट इत्यादी का आयोजन किया गया और विभिन्न सामाज के कई कार्यक्रमों मे अंशग्रहण किया गया। इसके अलावा हर पर्व और त्योहारों का पालन भी किया गया। जैसे जन्माष्टमी पर्व (१८.८.१४ व ५.९.१५) का पालन, स्वाधीनता दिवस (१५.८.१४ व १५.८.१५) का पालन, अन्नकुट (२४.१०.१४) का आयोजन, होलिका दहन (५.३.१५)में व्यवस्था करना।

★ भारतीय प्रशासनिक सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पास करने पर भवानीपटना निवासी श्री राहुल जैन का सपरिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

★ समाज को स्वच्छता का संदेश देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम को सक्रियता से अपनाते हुए रोड़ नं. २-३ एवं हटली के पास सफाई की गई।

## ११. समाज विकाश :-

★ समाज विकाश हेतु इस बार अग्रवाल सभा द्वारा श्री अग्रसेन सहायता कोष नाम से एक नया स्थाई कोष का गठन किया जा रहा है, जो आर्थिक रूप से जरुरतमंद भाइयों और बहनों के उत्थान में मदद करेगा।

## १२. वैवाहिक परिचय प्रकल्प :-

★ आज के दौर में विवाह और रिश्तें ढूंढ़ना एक बहुत कष्ट दायक काम है, इस समस्या के निदान के लिए वैवाहिक परिचय प्रकल्प का गठन किया गया है, जिससे जरूरत मंद युवक युवतियों को योग्य वर/वधु तलाशने में कुछ आसानी हो।

★ संविधान एवं ट्रष्ट डीड् में आवश्यक संसोधन का कार्य प्रगती मे है।

★ समाज के चार जरूरत मंद भाई-बहनों को अपने आर्थीक प्रगती, शिक्षा व इलाज हेतु उनके आवेदन पर सभा द्वारा आर्थीक सहयोग किया गया है।

★ अग्रवाल सभा के दैनन्दिन कानूनी कार्यो हेतु दो कानूनी सलाहकार अधिवक्ता श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल एवं अधिवक्ता श्री बिष्णु प्रसाद शर्मा को मनोनित किया गया है।

★ अग्रवाल सभा के एकाउन्टस् आडिट् हेतु ऑडिटर और चाटेड् एकाउन्टटेटन्स् श्री पुष्पकान्त अग्रवाल को मनोनित किया गया है।

★ अग्रवाल सभा ट्रस्ट के विभिन्न कार्य हेतु विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया।

★ ट्रष्ट से सम्बधित सभी सरकारी टैक्स भरे गए।

★ कई सामाजिक विवादों में निष्पक्ष रुप से कार्य करते हुए सभा ने मध्यस्थता की और तार्किक और न्यायिक ढ़ंग से उनका निराकरण किया।

★ अग्रवाल सभा के अधिनस्त सभी दुकानो के किरायदार भाइयों (अग्रसेन भवन, हरिभवन, राधाकृष्ण मंदिर, हिंदी स्कूल कम्प्लेक्स) सह बैठक का आयोजन करके विभिन्न सम्बधित विषय पर विचार विमर्स सह दुकानो की किरायों मे वृद्धी कि गई। शिघ्र ही नए किराया एग्रीमेन्ट बनाये जावेंगे।

भाईयों अपने इस अल्पकाल एक वर्ष में हमने पुरी निष्ठा एवं इमानदारी से पुरी नि:स्वार्थ भावना से कार्य करने का प्रयास किया है, फिर भी मानव मात्र से गलतियां होना अवश्यंभावी है, मैं आप सभी से पुरी कार्यकारिणी की तरफ से किसी भी प्रकार की गलतीयों हेतु सविनय क्षमाप्रार्थी हुँ, आप उदार हैं, अवश्य हमें क्षमा करेंगे।

मै, हमारे समस्त कार्यकारिणी सदस्यों, सलाहकार गणो एवं सहायक सदस्यो को विशेष धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हुँ। जिन्होने हर पल अपने मानस मे अग्रवाल सभा के दायित्वों को अंकित रखते हुए अपने दायित्वों का बखुबि निर्वाह किया। अन्त में सभी दान दाताओं तथा जिनका समय-समय पर प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग हमें प्राप्त होता रहा उन सभी महानुभाव को अशेष धन्यवाद देता हुँ।

\- - - - - - - - - - -

## भावी योजनायें

सपने .... समर्पण सह र्पण....... क्रियान्वयन........

अगली कड़ी पर हमारा प्रयास रहेगा की निम्न कार्य क्रमश: आप सभी के सहयोग से सम्पन्न कर पाऐं :-

१. राष्ट्रीय हिंदी विद्यालय के प्रांगण में २ करोड़ रुपये की लागत से श्री अग्रसेन नर्सिंग होम का निर्माण।

२. लगभग ५० से ६० लाख रूपये की लागत से हरिभवन का जिर्णोउद्धार।

३. वैवाहिक परिचय सम्मेलन और सामुहिक विवाह का आयोजन।

४. प्राय: १०० किलोमिटर क्षेत्रफल के समस्त अग्रजनो को मिलाकर एक अग्रवाल महासभा का गठन।

५. हमारे देश विदेश के गौरवशाली और सफल युवा पीढ़ी, जो देश विदेश के विभिन्न कोने में बसे हुए है उनको एक मंच मे लाकर सम्मानित करना।

६. हमारे विद्यार्थियों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए एक इ-लाईब्रेरी की स्थापना करना।
७. अग्रवाल समाज के लिए बहु उपयोगी स्मारिका का शिघ्र प्रकाशन।
८. समाज के विभिन्न कार्यक्रमो मे बढ़ते आडम्बर व फिजुल खर्चों पर रोकथाम एवं जागरुकता बढ़ाने हेतु निवेदन पत्र एवं विचार गोष्ठायों द्वारा प्रयास।
९. हमारे समाज के युवक-युवतियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन। (Motivational Programme)
१०. आय के श्रोत्रों को बढ़ाते हुए समाज के कई विकासशील कार्यों को क्रियान्वित करना और योजना बद्धद तरीके से विभिन्न भवनों और जनसेवा व समाज सेवा कार्यक्रमों मे विनियोग करना।

बस ये विकाश गति जारी रहनी चाहिए
क्योकि प्रगती तभी प्रगति है जब वो निरंतर हो.....
जय अग्रसेन महाराज
धन्यवाद

आपका

**श्री कैलाश चंद अग्रवाल**
**सचिव**
















Vikash Printers,KBJ